<u>संदेश</u>

विजयदशमी के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ और उनकी सफलता, समृद्धि तथा खुशहाली की कामना करता हूँ।

यह त्योहार असत्य पर सत्य की विजय का उत्सव है। यह त्योहार हमें सच्चाई और ईमानदारी के शाश्वत जीवन - मूल्यो का पालन करते हुए, जीवन जीने की प्रेरणा देता है। ये जीवन - मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं और मर्यादा पुरुषोत्तम राम का जीवन इन आदर्शो का एक उदाहरण है।

मेरी कामना है की इस त्योहार के माध्यम से हमें राष्ट्र-निर्माण की प्रेरणा प्राप्त हो और हम सब मिलकर जरूरतमंदों तथा वंचितों की भलाई पर केन्द्रित समाज के विकास के अपने लक्ष्य को तेजी से प्राप्त कर सकें।

*****